CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-164
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

मानव जिस लक्ष्य में मन लगा देता है, उसे वह श्रम से हासिल कर सकता है।

# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, गुरुवार 19 सितम्बर 2024



## बिहार में थाने से हो गयी शराब की चोरी

### पुलिस महकमे में मचा हड़कंप, चोर को पकड़ने का दावा

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**

समस्तीपुर, बिहार में थाने से चोरी गयी. वह भी शराब की. पुलिस ने शराब जब्त कर अपने कब्जे में रखा था, लेकिन थाने से बोतलें गायब हो गयीं. ये खबर फैलने के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया. लेकिन अब पुलिस कह रही है कि चोरी करने वाले का न सिर्फ पता लगा लिया गया है बल्कि उन्हें पकड़ भी लिया गया है.

**समस्तीपुर का वाकया** ये वाकया बिहार के समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाने का है. थाने के मालखाने से शराब की बोतलें चोरी कर ली गयी. वैसे इस मामले में पुलिस तुरंत ऐक्शन में आने और चोरी करने वालों को पकड़ लेने का दावा किया है. उनके पास से बोतल भी बरामद कर लिये जाने का दावा किया जा रहा है.

**कचरा चुनने वाली महिलाओं पर चोरी का आरोप** पुलिस कह रही है कि कचरा चुनने वाली महिलाओं ने कल्याणपुर थाने के मालखाने में जब्त कर रखी गई शराब पर हाथ साफ कर दिया. संयोगवश एक सिपाही की नजर शराब की बोतल चुरा कर ले जा रही महिलाओं पर पड़ गई. इसके बाद बाद खदेड़ कर चार महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस कह रही है कि शराब चोरी करने वाली दो महिलायें भाग गयीं. उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा. मालखाने से चुराई गई शराब की बोतलें भी बरामद कर ली गयी हैं.



मंगलवार को कचरा चुनने वाली महिलाओं ने थाने से शराब की चोरी कर ली. पुलिस ने जिन चार महिलाओं को गिरफ्तार किया है उनमें समस्तीपुर नगर थाना क्षेत्र के पेठियागाछी के ननकी राय की पत्नी रूपा देवी, रामचंद्र राय की पत्नी सीता देवी, मो. शमशेर की पत्नी जीनत परवीन और अशोक शाह की पत्नी शनिचरी देवी शामिल है. इन महिलाओं ने मालखाने से शराब चुराने के बाद थाने के पीछे बगीचे में थाने की बाउंड्री के पास ही पत्तों की ओट में छुपा कर रखा था.कल्याणपुर थाने के डीएसपी सह थाना अध्यक्ष विकास केशव ने बताया कि कचरा चुनने वाली महिलाओं ने 16 लीटर शराब चुरायी थी जिसे बरामद कर लिया गया है. थाने के सीसीटीवी फुटेज से चोरी करने वाली सभी महिलाओं की पहचान कर ली गयी है, चार को गिरफ्तार किया गया है, बाकी महिलाओं को भी पकड़ लिया जायेगा. पुलिस के मुताबिक कल्याणपुर थाने की बाउंड्री पर एक पेड़ गिर गया है. इससे बाउंड्री टूट गयी है. कचरा चुनने वाली महिलायें बाउंड्री पर गिरे पेड़ के सहारे थाने के परिसर में घुसी थीं. इसके बाद मालखाने की खिड़की से शराब की बोतलें चुराई. कुछ महिलाएं खिड़की से शराब की बोतल निकाल रही थीं तो कुछ उसे बाउंड्री के पार पहुंचा रही थीं. बाउंड्री के पार खड़ी महिलाएं उसे छुपाने में लगी हुई थीं.महिलाओं को शराब की बातलें लेकर जाते समय संयोग से एक सिपाही की नजर पड़ गयी. सिपाही के शोर मचाने पर दूसरे पुलिस कर्मी दौड़ कर मालखाने के पीछे पहुंचे. पुलिस को आते देख महिलाएं भागने लगीं. लेकिन पुलिसकर्मियों ने खदेड़ कर चार को गिरफ्तार किया जबकि दो महिलाएं भागने में सफल रही. उन दोनों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

## अब सरकारी स्कूलों की हर साल दो बार होगी रैंकिंग

### अपर मुख्य सचिव ने सभी DEO को जारी किया निर्देश

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**

पटना, बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने साल में दो बार स्कूलों की रैंकिंग को लेकर प्रदेश के तमाम जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश जारी कर दिया है. विद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि के साथ-साथ उनके सामाजिक और भावनात्मक व्यवहार को देखते हुए विद्यालयों की रैंकिंग होगी. नवंबर और मार्च के महीने में रैंकिंग जारी की जाएगी.

एस. सिद्धार्थ ने पत्र में कहा है कि उनके द्वारा 8 अगस्त को इस वर्ष %शिक्षक मार्ग-दर्शिका% निर्गत किया गया है. जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता कैसे उत्कृष्ट हो, इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश है. इसी क्रम में प्राथमिक/मध्य और माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए अलग-अलग रैंकिंग के लिए प्रपत्र तैयार किए गए हैं. इसमें विद्यालयों में संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे शिक्षण और अधिगम,



संसाधन उपयोग, साफ-सफाई, स्वच्छता, शिकायत निवारण, सह-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए अलग-अलग नंबर तय किए गए हैं.

डॉ. एस सिद्धार्थ ने अपने निर्देश पत्र में कहा है कि कुल 100 अंकों की रैंकिंग होगी. इसमें सभी प्रकार की विद्यालयों के लिए वार्षिक और अर्धवार्षिक परीक्षा के औसत अंक के लिए अधिकतम 20 अंक है. मासिक परीक्षा में विद्यार्थियों के औसत अंक के लिए अधिकतम 10 अंक हैं. पिछले तीन माह में छात्रों की औसत उपस्थिति के लिए अधिकतम 10 अंक है, पिछले 3 माह में शिक्षकों की औसत उपस्थिति के लिए अधिकतम 10 अंक हैं. स्वच्छता के विभिन्न श्रेणियां में कुल 15 अंक हैं, जिसमें सबसे अधिक विद्यार्थियों के पर्सनल हाइजीन पर अधिकतम पांच अंक हैं.

प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में अब प्रतिवर्ष दो बार रैंकिंग होगी. प्राथमिक/मध्य और माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए अलग-अलग रैंकिंग के लिए प्रपत्र तैयार किए गए हैं. कुल 100 अंकों में रैंकिंग करनी है. इस रैंकिंग की प्रविष्टि सभी शिक्षकों के वार्षिक मूल्यांकन प्रतिवेदन में बाध्यकारी रूप से की जाएगी.- एस. सिद्धार्थ, अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पत्र के मुताबिक इन विद्यालयों की ग्रेड और स्टार रेटिंग होगी. जो विद्यालय 85 से 100 अंक हासिल करेंगे, उन्हें+ ग्रेड मिलेगा और फाइव स्टार रेटिंग दी जाएगी. जो विद्यालय 75 से 84 अंक हासिल करेंगे, उन्हें ग्रेड मिलेगा और फोर स्टार रेटिंग दी जाएगी. 50 से 74 अंक हासिल करने वाले विद्यालयों को क्रग्रेड मिलेगा और 3 स्टार रेटिंग दी जाएगी. 25 से 49 अंक प्राप्त करने वाले विद्यालयों को C ग्रेड मिलेगा और टू स्टार रेटिंग दी जाएगी. और 0 से 24 अंक हासिल करने वाले विद्यालयों को C ग्रेड मिलेगा और एक स्टार रेटिंग दी जाएगी.

## डायल 112 के पुलिस कर्मियों की दबंगई

### बोलेरो से टकराई गाय तो मालिक की बेरहमी से कर दी पिटाई, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**

मधुबनी, बिहार के मधुबनी से पुलिसकर्मियों के दबंगई से जुड़ी एक खबर निकल कर सामने आ रही है। जहां मधुबनी जिले बेनीपट्टी इलाके में डायल 112 के पुलिस कर्मियों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी है। इस घटना के बाद इलाके में बवाल शुरू हो गया है। पुलिस के इस रवैये को लेकर लोग भड़क उठे हैं। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। इसको लेकर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गई है।

जानकारी के अनुसार बेनीपट्टी के बसैठ में डायल 112 के पुलिस कर्मियों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। युवक की पहचान राहुल कुमार झा के रूप में हुई है।



पिटाई किए जाने के विरोध में लोगों ने बसैठ में सड़क जाम कर यातायात ठप कर दिया है। घायल राहुल को इलाज के लिए दरभंगा भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि राहुल कुछ मवेशियों को लेकर जा रहा था। इस दौरान एक ट्रक के आने से मवेशी इधर उधर करने लगे। इस बीच, डायल 112 की पुलिस गाड़ी भी उसी रास्ते से आ रही थी। गाड़ी से गाय टकरा गई। उसके बाद इस बात को लेकर पुलिस कर्मी भड़क उठे। उन्होंने युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। लोगों का कहना है कि पुलिस ने युवक की पिटाई छाती पर चढ़कर बूट से की, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे डीएमसीएच रेफर किया गया है। इस घटना के बाद लोग काफी आक्रोशित हो गए हैं और इस मामले में एक्शन की मांग कर रहे हैं।

## बकाये वेतन की मांग को लेकर अतिथि शिक्षकों ने DEO कार्यालय का किया घेराव

### सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

।मोतिहारी, एक ओर जहां राज्य सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी दे रही है वहीं दूसरी तरफ अतिथि शिक्षकों को नौकरी से बाहर का रास्ता दिखा रही है यहां तक कि उनके वेतन का भुगतान भी समय पर नहीं कर रही है। पूर्वी चंपारण के अतिथि शिक्षकों ने अपने वेतन की मांग को लेकर जिला शिक्षा कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। सैकड़ों की संख्या में आए अतिथि शिक्षकों ने बिहार सरकार की शिक्षा नीति के खिलाफ आवाज बुलंद किया तो वहीं पूर्वी चंपारण के डीईओ और डीपीओ के खिलाफ में जमकर नारेबाजी की और अपने वेतन को जल्द से जल्द भुगतान की मांग की। बिहार में बड़े पैमाने पर अतिथि शिक्षकों की बहाली सरकार ने की थी और क्लास में पढ़ाई के हिसाब से उनका वेतन का निर्धारण किया था लेकिन मात्र 2 महीने वेतन देने के बाद सरकार ने वेतन का भुगतान ही नहीं किया। इसे लेकर अतिथि शिक्षक नाराज हैं। अतिथि शिक्षकों ने सरकार से वेतन के भुगतान की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की बात कही।

## भाभी से अवैध संबंध में देवर की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

### पिता और भाई ने मिलकर घटना को दिया अंजाम

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

जमुई, भाभी से अवैध संबंध के कारण देवर की हत्या कर दी गयी। इस घटना को अंजाम मृतक के पिता और भाई ने मिलकर दिया। कुल्हाड़ी से काटकर पहले हत्या की फिर शव को खेत में फेंक दिया। मामले का खुलासा जमुई पुलिस ने किया है। जिस कुल्हाड़ी से हत्या की गयी थी उसे भी बरामद किया गया है। वही आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि बड़ा भाई मौके से फरार हो गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। घटना जमुई के झाझा थाना क्षेत्र के फोकसा गांव की है। जहां धान के खेत से शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए जमुई सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने मृतक की पहचान 32 वर्षीय भरत मांझी के रूप में की है। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने आज इस मामले का उद्भेदन कर लिया। हत्या को अंजाम देने वाला कोई और नहीं बल्कि सगा बाप और भाई ही कातिल निकला। जिसके बाद घटना के 12 घंटे के भीतर आरोपी पिता को पुलिस ने




गिरफ्तार कर लिया जबकि आरोपी भाई अभी भी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि फोकसा गांव में एक व्यक्ति कि हत्या कर शव को धान के खेत में छिपा दिया गया था। घटना की सूचना जमुई एसपी चंद्र प्रकाश को दी गई जिसके बाद झाझा सीडीपीओ के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन किया गया। जिसमें थानाध्यक्ष संजय कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी को भी शामिल किया गया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाया। वही जांच में जुटी पुलिस को पूछताछ में इस बात का पता चला कि मृतक भरत मांझी तीन भाई है। जिसमें सबसे छोटा भाई बेंगलुरु में काम करता है। वही बड़ा भाई जानो मांझी, उनकी पत्नी, जानो मांझी के पिता बेनी मांझी सभी एक साथ झाझा प्रखंड के पोक्सो गांव में रहते हैं। वही मृतक भरत मांझी भाईयों में मांझिल था। भरत मांझी का अवैध संबंध अपने ही बड़े भाई जानो मांझी की पत्नी से था। इस बात की भनक बड़े भाई को लग गई जिसके बाद पिता जानो मांझी के साथ मिलकर उसने कुल्हाड़ी से काटकर भरत मांझी की निर्मम हत्या कर दी और शव को धान के खेत में ले जाकर छिपा दिया।

पुलिस ने घटना का खुलासा 12 घंटे के भीतर किया है। बेनी मांझी को फोकसा क्षेत्र से भागने के दौरान पुलिस ने खदेड़कर गिरफ्तार किया। वही घटना में इस्तेमाल किये गये खून लगा कुल्हाड़ी भी बरामद किया है। झाझा एसडीपीओ ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपी भाई जानो मांझी को भी गिरफ्तार किया जाएगा। अभी वो पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जानो मांझी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## उत्तर बिहार के सबसे बड़े टाउनशिप वीणा वाटिका लगभग बनकर तैयार

### दिसंबर से शुरू होगा ग्राहकों को सौंपने का सिलसिला

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**

पटना, बिहार के सबसे बड़े और पहले निर्माणाधीन टाउनशिप वीणा वाटिका में के के.टी. कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के 19 वां स्थापना दिवस विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर मनाया गया। इस दौरान काफी संख्या में इस टाउनशिप में अपना घर बुक करा चुके लोग पहुंचे। इसके अलावा अन्य गण्यमान्य लोग और अतिथि भी पहुंचकर बाबा विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया।

वहीं, वीणा वाटिका में के के.टी. कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के 19वां स्थापना दिवस के मौके पर भोजपुरी की प्रसिद्ध लोक गायिका डिंपल ने अपनी प्रस्तुती और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों का समां बांधा। वीणा वाटिका बनाने वाली निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी के के टी कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन कृष्णकांत ठाकुर ने आगंतुकों का भव्य स्वागत किया।

कृष्णकांत ठाकुर ने बताया की वीणा वाटिका के निर्माण में सुरक्षा, सुविधा और सुंदरता तीनों क्षेत्र को प्राथमिकता दी गयी है और इसे समय से पहलें ग्राहकों को सौंप दिया जाएगा। कंपनी के डायरेक्टर सुमन कुमार ठाकुर ने बताया कि वीणा वाटिका के प्रांगण में ही एक अत्याधुनिक मार्केट कॉम्प्लेक्स के निर्माण की भी योजना है। जिसमे होटल, रेस्टोरेंट, यूटिलिटी शॉपस जैसी अनेकों सुविधाएं होंगी।

दरभंगा दिल्ली मोड़ एन एच् 27 के ठीक बगल में हवाई अड्डे व् बस स्टैंड के बिल्कुल नजदीक निर्माणाधीन इस टाउनशिप के ठीक बगल में शहर के कई बड़े स्कूल, कॉलेज, तकनीकी संस्थान रहने से अभी तक 80त्न से अधिक फ्लैट बुक हो चुकी हैं। वीणा




वाटिका बनकर भी समय से पहलें तैयार हो चुका हैं। हम लोग ग्राहकों को दिसंबर से सौंपने का सिलसिला शुरू कर देंगे लोगों। इसके बाद हम लोग जल्द एक नये प्रोजेक्ट की भी शुरुआत करेंगे। जिसकी घोषणा जल्द की जायेंगी।

वहीं डायरेक्टर अभिषेक पुष्प ने बताया की इस तरह के प्रोजेक्ट आने से मिथिला हमने यहाँ के लोगों का भरोसा ही कमाया हैं। इस क्षेत्र में कई रियल स्टेट के लोग निर्माण काम कर रहें हैं लेकिन हमारे क्वालिटी के आगे ना ही कोई टिक रहें हैं और नहीं ही कोई कह पाते हैं जो हम इससे बेहतर कर पायेंगे हमारा काम बोलता हैं ज्ञात हो कि इस परिसर में 500 से अधिक दो बीएचके और तीन बीएचके फ्लैट बनाने की योजना पर काम तेजी से चल रहा है। वहीं यह टाउनशिप पूरी तरह भूकम्परोधी, बाढ़ की समस्या से मुक्त व् पर्यावरण के अनुकूल होगा। इस टाउनशिप को रेरा, एय फोर्स, फायर एनवायरनमेंट से मान्यता मिल चुकी है।